19.03.2025 आकाशवाणी, भोपाल 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

ऽ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- भोपाल के साथ सीहोर विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का विकास होगा।

ऽ निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि वह जल्द ही वोटर आईडी को आधार से जोड़ने के संबंध में तकनीकी परामर्श शुरू करेगा।

ऽ रंगपंचमी आज, प्रदेश में इस अवसर पर इंदौर की गेर सहित कई शहरों में निकाले जाएंगे चल समारोह।

ऽ शिवपुरी के माता टीला डैम में एक नाव पलटने से 7 लापता, 8 को बचाया।

मुख्यमंत्री आवास लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के तात्या टोपे नगर स्थित भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन की परियोजना के प्रथम चरण में नवनिर्मित 364 जी-टाइप आवासों के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा है कि भविष्य में भोपाल के साथ सीहोर विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन आदि के क्षेत्रों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 'झीलों के शहर' को पांच शहरों के साथ जोड़कर विकास की नई कल्पना की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के पश्चात आवासीय परिसर में भोपाल नगर निगम की ओर से प्रारंभ भोपाल की प्रथम रिड्यूस, रीयूज, रीसायकिल व्हीकल को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन के माध्यम से दफ्तरों से अनुपयोगी कागजों को एकत्र किए जाएंगे और बदले में उपयोगी कागज प्रदान किए जाएंगे।

सीईसी बैठक -वोटर आईडी

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि वह जल्द ही वोटर आईडी को आधार से जोड़ने के संबंध में तकनीकी परामर्श शुरू करेगा। तकनीकी परामर्श भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण-यूआईडीएआई और चुनाव आयोग के विशेषज्ञों के बीच होगा। यह निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गृह मंत्रालय, विधायी विभाग के सचिवों और यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान लिया। आयोग ने बताया कि वह

निर्वाचन फोटो पहचान पत्र को आधार से जोड़ने के लिए अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और संबंधित सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के अनुसार कार्रवाई करेगा।

<u>कैबिनेट बैठक</u>

प्रदेश में गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा. अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य किया जाएगा। कल कैबिनेट बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य अंतर्गत खरीफ फसल में किसानों से 7 हजार 650 प्रति क्विंटल की दर से तुअर का उपार्जन किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद की बैठक में आयुषमान भारत योजना के तहत केंद्र की स्थापना के लिए हुजूर तहसील के ग्राम झागरिया में 4 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इसी तरह वन विभाग के सहयोग से "अविरल नर्मदा निर्मल नर्मदा योजना" अगले 7 साल तक चलेगी। साथ ही वन भूमि क्षेत्र में इस योजना का क्रियान्वयन होगा।

<u>प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान</u>

प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को सभी गर्भवती महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये भोपाल में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में यह जानकारी दी। श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा दी जाए।

<u>रंगपंचमी जुलूस</u>

आज रंगपंचमी है। प्रदेश में इस अवसर पर भोपाल सहित कई शहरों में चल समारोह निकाले जाएंगे। वहीँ, देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आज पारंपरिक गेर निकाली जाएगी। गेर देखने और इसमें भाग लेने के लिए विदेश से भी लोग आते हैं। इस रंगारंग जुलूस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे।

शिवपुरी दुर्घटना

शिवपुरी जिले में खनियाधाना थाना क्षेत्र के माता टीला डैम के पानी में बने टापू पर मंदिर दर्शन के लिए गए श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पलट गई। इस नाव में 15 लोग सवार थे। नाव के पलट जाने से इसमें सवार सात श्रद्धालु लापता है जबकि आठ लोगों को बचा लिया गया। अतिरिक्त कलेक्टर, दिनेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि एसडीआरएफ और अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से इन्हें तलाशने का काम जारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की संकट की घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। उन्होंने मृत नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दो-दो लाख रूपए की सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए हैं।

कबड्डी विश्वकप

कबड्डी विश्व कप में मौजूदा चैंपियन भारत को स्कॉटलैंड की टीम ने रोमांचक मुकाबले में 64-64 से ड्रॉ पर रोक दिया। भारत ने मजबूत शुरुआत की और कुछ मिनटों में ही बढ़त ले ली। बाद में स्कॉटलैंड ने अच्छा खेल दिखाते हुए मैच पर पकड़ बनाए रखी और इस रोमांचक मैच को बराबरी पर रोक दिया। भारत का अगला मुकाबला हांग हांग चीन से होगा। उधर, भारत की महिला टीम ने ग्रुप डी के अपने पहले मुकाबले में वेल्स को 89-18 से हराया।

मौसम

प्रदेश के जबलपुर, मंडला समेत 13 जिलों में आज बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर और सागर संभाग में 20 और 21 मार्च को तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश होने की सम्भावना है। इन जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ की वजह से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। इस वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ अशोकनगर में रंग पंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय करीला मेले का आयोजन किया जा रहा है जो 20 मार्च तक चलेगा। आज प्रातः मुख्यमंत्री मोहन यादव मेले में आकर माता जानकी के दर्शन करेंगे।

ऽ जबलपुर में समरसता होली महोत्सव का आयोजन रंगपंचमी पर आज होने जा रहा है। शहर के श्रीराम जानकी मंदिर छोटा फुहारा से समरंग यात्रा के साथ आयोजन की शुरुआत होगी, जो विभिन्न मार्ग से भ्रमण करती हुई डीएन जैन कॉलेज परिसर पहुंचेगी।

ऽ नर्मदापुरम जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 24 मार्च से 11 अप्रैल तक सिक्युरिटी गार्ड और सुपरवाईजर के लिए रोजगार कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

ऽ विदिशा में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली के भ्रमण सदस्यों ने आज विदिशा जिले के प्रवास के दौरान ऐतिहासिक उदयगिरी गुफाओं को देखा।

ऽ झाबुआ में कल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त समस्त राजनैतिक दलो के अध्यक्ष, प्रतिनिधियों की बैठक की गई।

ऽ आगरमालवा में संचालित समस्त योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने हेतु कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कल एक प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ऽ मंडला में जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से कल नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में मेले का आयोजन किया जायेगा।

ऽ डिन्डोरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आज आंगनबाड़ी केंद्र शाहपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऽ छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की।

ऽ बालाघाट में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में "विश्व उपभोक्ता जागरुकता दिवस" पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

..................